रजिस्ट्री सं० डी० 221 REGISTERED No. D. 221

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1

PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 162] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 9, 1973/आषाढ़ 18, 1895

No. 162] NEW DELHI, MONDAY, JULY 9, 1973/ASADHA 18, 1895

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 8th July 1973

No. 3/7/73-Pub.II.—The Government of India announce with most profound regret the death of Shri D. R. Chavan, Minister of State in the Ministry of Law, Justice and Company Affairs on 8th July, 1973.

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 जुलाई, 1973

संख्या 3/7/73-पब- II—भारत सरकार अत्यन्त शोक के साथ घोषणा करती है कि विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री डी० आर० चव्हाण का 8 जुलाई, 1973 को देहांत हो गया।

RESOLUTION

New Delhi, the 8th July 1973

No. 3/7/73-Pub.II.—The President has learnt with profound regret the sudden and untimely death of Shri Dajisahab Ramrao Chavan, Minister of State in the Ministry of Law, Justice and Company Affairs on the 8th July, 1973.

Born on August 22, 1916, Shri Chavan received education at Rajaram College and Sykes Law College, Kolhapur and took his LL.M. degree from the Bombay University. He started his career as a legal practitioner and joined the Bar at Bombay High Court. He was associated with the All India Peasants' and Workers Party from 1948 to 1955 and the All India Mazdoor Kisan Party from 1955 to 1960 and the Indian National Congress since 1960. He was elected as member, Bombay Legislative Council in 1954. He was elected to the 2nd Lok Sabha in 1957 and re-elected to the 3rd and 4th Lok Sabha. He was appointed as Deputy Minister in the Ministry of Defence in 1962 and later worked in the same capacity in the Ministries of Food and Agriculture, Law and Labour, Employment and Rehabilitation. In February, 1969 he was appointed as Minister of State in the Ministry of Petroleum and Chemicals and Mines and Metals and later worked in the Ministry of Supply from May, 1971 till 5th February, 1973 when he took over as Minister of State in the Ministry of Law, Justice and Company Affairs.

As a Minister Shri Chavan showed great dedication to work and served the country unremittingly. His untimely death has cut short a promising political career and has caused grievous loss to the Government and people of India.

N. K. MUKARJI, Secy.

संकल्प

नई दिल्ली, 8 जुलाई, 1973

संख्या 3/7/73-पब-II.—राष्ट्रपति को विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री दाजीसाहब रामाराव चव्हाण के अचानक और असामयिक निधन के समाचार से गहरा शोक हुआ है ।

श्री चव्हाण का जन्म 22 अगस्त, 1916 को हुआ था । आपकी शिक्षा राजाराम कालेज, और सइक्स ला कालेज, कोल्हापुर में हुई और आपने बम्बई विश्वविद्यालय से एल० एल० एम० की डिग्री प्राप्त की । आपने वकील के रूप में जीवन आरम्भ किया और बम्बई उच्च न्यायालय में वकालत आरम्भ की । आप 1948 से 1955 तक आल इण्डिया पेजण्ट्स एण्ड वर्कर्स पार्टी से 1955 से 1960 तक आल इण्डिया मजदूर किसान पार्टी से और 1960 से इण्डियन नेशनल कांग्रेस से सम्बद्ध रहे। आप 1954 में बम्बई विधान परिषद् के सदस्य के रूप में चुने गये । आप 1957 से द्वितीय

लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए और बाद में तीसरी और चौथी लोक सभा के लिए पुनः निर्वाचित हुए। आप 1962 में रक्षा मंत्रालय में उप मंत्री नियुक्त हुए, बाद में आपने उप मंत्री के ही रूप में खाद्य और कृषि, विधि तथा श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालयों में कार्य किया। फरवरी, 1969 में आप पैट्रोलियम और रसायन तथा खान और धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त हुए और बाद में आपने मई, 1971 से 5 फरवरी, 1973 तक पूर्ति मंत्रालय में कार्य किया, जिसके बाद आप विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त हुए।

मंत्री के रूप में श्री चव्हाण ने कार्य के प्रति महान् निष्ठा दिखलायी और देश की निरन्तर सेवा की। उनके असामयिक निधन से एक अत्यंत संभावनापूर्ण राजनैतिक जीवन का असमय अंत हो गया है और भारत की सरकार और जनता की गहरी क्षति हुई है ।

एन० के० मुकर्जी, सचिव।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1973